Raj Express (Indore), 19th January 2026, Page- 04

# छात्रों में कर रहे नवाचार की सोच विकसित

इंदौर। विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम) की राज्य स्तरीय मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन निजी विद्यालय में किया जा रहा है। कक्षा 6 से 11 वीं तक के 161 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए छात्र शामिल हुए। आयोजन एसजीएसआईटीएस, आईआईटी इंदौर, डीएवीवी आईईटी, होलकर साइंस कॉलेज और विज्ञान भारती के सहयोग से, विज्ञान प्रसार / प्रसार भारती के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। विज्ञान भारती मालवा प्रांत के अध्यक्ष व एसजीएसआईटीएस के निदेशक प्रो. नीतेश पुरोहित और वीवीएम राज्य समन्वयक शिवलाल मेवाड़ा ने विज्ञान शिक्षा के राष्ट्र निर्माण में महत्व पर जोर देते हुए कहा कि वीवीएम जैसे मंच विद्यार्थियों में जिज्ञासा, वैज्ञानिक सोच और व्यावहारिक ज्ञान को सुदृढ़ करते हैं।